卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 96 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦13 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया
darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

उत्तरायणी महोत्सव में लोक संस्कृति की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) की ओर से गंगापुर रोड स्थित शैल भवन में आयोजित दो दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव का शनिवार को विधिवत आगाज हुआ। मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा एवं विशिष्ठ अतिथि सुरेश परिहार, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, भाजपा नेता भारत भूषण चुघ समेत कई अतिथियों ने संयुक्त रूप से महोत्सव का शुभारम्भ किया। महोत्सव में पहले दिन मंच पर प्रस्तुति देने के लिए प्रसिद्ध कलाकार जितेंद्र तोमक्याल, बिशन हरियाला, आशा नेगी , सीमा विश्वकर्मा ,देव मथेला, हास्य कलाकार लच्छू पहाड़ी व सहित कई कलाकार पहुंचे। कुमांऊनी कलाकारों ने पहले दिन अपनी प्रस्तुति से खूब धमाल मचाया। कुमांऊनी गीतों की प्रस्तुति पर लोग झूमने को मजबूर हो गये। पहले दिन लोक कलकाकार देवेन्द्र मथेला ने जो राम को लाये हैं, सुनकी थाली मां,लट्ठी टेक दे की शानदार प्रस्तुति दी। लोक कलाकार जितेन्द्र तोमक्याल (शेष पृष्ठ सात पर)

शासन ने किये कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले

देहरादून (उद संवाददाता)। शासन ने कई पीसीएस अफसरों के तबादले किये हैं। तबादला सूची में राजधानी देहरादून, गढ़वाल तथा शासन में तैनात अफसर शामिल हैं। सभी अधिकारियों को तत्काल नई तैनाती स्थल पर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ट्रांसफर किये गए अधिकारियों में किशन सिंह नेगी को विशेष भूमि अध्यप्ति अधिकारी के पद से हटाते हुए उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी देहरादून की जिम्मेदारी दी गई है। मुक्ता मिश्रा को संयुक्त निदेशक शहरी विकास के अलावा उपमुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। स्मृता परमार को उपसचिव उत्तराखंड सूचना आयोग से हटाते हुए विशेष भूमि अध्यप्ति अधिकारी देहरादून की जिम्मेदारी दी गई है। नवाजिश खालिक को डिप्टी कलेक्टर पौड़ी से हटाते हुए डिप्टी कलेक्टर उत्तरकाशी की जिम्मेदारी दी गई। राहुल कुमार गोयल को नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश से हटाया गया है। उन्हें गढ़वाल मंडल के आयुक्त कार्यालय में सम्बद्ध किया गया है। शैलेश सिंह नेगी को डिप्टी कलेक्टर टिहरी की जिम्मेदारी से हटाते हुए नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश की बड़ी जिम्मेदारी दी (शेष पृष्ठ सात पर)

अनजान युवती के साथ वाट्सएप चैटिंग पड़ी भारी

वीडियो कॉल करके अश्लील वीडियो बनाकर 1.35 हजार ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साइबर क्राइम में सेक्सटॉर्शन ठगी का तरीका बनकर तेजी से उभरा है। जागरूकता की कमी या फिर शर्मिंदगी के कारण लोग इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। साइबर अपराधी बदनाम करने की धमकी देकर उन्हें सेक्सटॉर्शन का शिकार बना रहे हैं। फिर, लाखों की ठगी कर रहे हैं। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है। मोबाइल पर अनजान युवती से बात करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। बातों में फंसाने के बाद युवती ने वीडियो कॉल किया और उसके बाद साइबर ठगों ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेलिंग करते हुए 1 लाख 35 हजार रूपये ठग लिये। पीड़ित ने साईबर क्राइम पुलिस को तहरीर दी। जिसके बाद साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साईबर क्राइम पुलिस स्टेशन को दी तहरीर में सिंह कालोनी गली नंबर 13 निवासी केशवानन्द थपलियाल पुत्र ललिता प्रसाद ध पलियाल ने बताया कि उसके वाट्सएप नंबर पर एक मैसेज भेजा गया और उससे एड्रेस पूछा। बाद में अश्लील बातें मैसेज की गयी, जिसका उसने कोई जबाव नहीं दिया। कुछ देर बाद उक्त मोबाइल नम्बर से वीडियो कॉल की गयी। वीडियो कॉल रिसीव करने के थोड़ी देर बाद ही दूसरी ओर से वीडिया कॉल बन्द कर दी गयी। जिसके पश्चात उक्त नम्बर से मैसेज आया कि वह उसकी अश्लील वीडियो को फेसबुक, यूट्यूब, इन्स्ट्राग्राम, सोशल मीडिया पर अपलोड कर रही है। इसके बाद उक्त नंबर से एक बैंक (शेष पृष्ठ सात पर)

नशे में चूर भाजपा नेत्रियों ने किया हंगामा

शिकायत पर थाने में बुलाकर लगाई फटकार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में कार सवार अपने मित्रों के साथ शराब का सेवन कर रही दो भाजपा नेत्रियों ने स्थानीय निवासियों के एतराज पर जमकर हंगामा शुरू कर दिया गया। जिसके बाद लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की । साथ ही थाने में दोनों के खिलाफ कार्रवाई को हंगामा किया। मामला बढ़ता देख पुलिस ने दोनों भाजपा नेत्रियों को थाने लाकर उन्हें जमकर फटकार लगाते हुए भविष्य में इसका पुर्नावृति न करने की सख्त हिदायात देकर छोड़ दिया। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि गत रात्रि ट्रांजिट कैम्प की एक कालोनी में सड़क किनारे कार खड़ी कर भाजपा की दो नेत्रियां जिनमें एक भाजपा महिला मोर्चा की वरिष्ठ पदाधिकारी तो वहीं दूसरी भाजपा की निवर्तमान पार्षद बताई जा रही है अपने मित्रों के साथ कार में शराब पी रही थीं। स्थानीय लोगों ने जब कालोनी के मार्ग पर उन्हें ऐसा करते देखा तो उन्होंने एतराज व्यक्त किया। जिस पर दोनों ‵नेत्रियां लोगों से से उलझ गई और उन्हें धमकियां देने लगीं। इस बीच मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। नेत्रियों के इस व्यवहार को देखकर लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दे दी। कालोनी के साथ ही क्षेत्र के दर्जनों लोग भी थाने आ पहुंचे और उन्होंने दोनों भाजपा नेत्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस दोनों आरोपी भाजपा नेत्रियों को थाने ले आई जहां मामले की विस्तार से जानकारी ली गई। दोनों नेत्रियों से शराब की दुर्गन्ध आने पर पुलिस ने उन्हें जमकर फटकार (शेष पृष्ठ सात पर)

क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 1.11 लाख ठगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खुद को क्रेडिट कार्ड का अधिकारी बताकर अज्ञात व्यक्ति ने एक खाता धारक से 111698.12 रूपये का ठगी कर ली । मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में सन सिटी कालोनी, प्रीत विहार फाजलपुर महरौला, वार्ड 25 निवासी शेर सिंह पुत्र श्री दुर्गपाल सिंह ने कहा है कि वह एक फैक्ट्री में बैल्डर के रूप में कार्य करता है। उसके नाम से आईसीआईसीआई बैंक शाखा रुद्रपुर से एक क्रडिट कार्ड जारी है । दूसरा क्रेडिट कार्ड भारतीय स्टेट बैंक शाखा रूद्रपुर से जारी है, तीसरा क्रेडिट कार्ड एचडीएफसी बैंक गॉबा चौक से जारी है तथा चौथा क्रेडिट कार्ड आरबीएल बैंक बजाज फाइनेन्स कम्पनी शाखा रूद्रपुर द्वारा जारी है। उक्त सभी क्रेडिट कार्डो का संचालन वह स्वयं करता है। 16 व 18 अगस्त को उसे कॉल आया जिसने खुद को क्रेडिट कार्ड अधिकारी बताकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढाने का लालच देकर उसके व्हाटसएप नंबर पर पर एक लिंक भेजा । उनकी बातों पर विश्वास करते (शेष पृष्ठ सात पर)

कार खाई में गिरने से तीन लोग घायल

नैनीताल(उद संवाददाता)। कार स्टार्ट करते समय अनियंत्रित होकर 20 मीटर गहरी खाई में गिरकर एक बिजली के पोल के सहारे अटक गयी। हादसे में तीन लोग घायल हो गये। उन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मल्लीताल के सात नंबर क्षेत्र स्थित अल्मा कॉटेज में प्रात: हादसा हो गया, जिसमें टैक्सी कार संख्या यू.के.04 टी.ए.5788 अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि हादसे के समय 33 वर्षीय मदन, 40 वर्षीय केशव, 31 वर्षीय उमेश व एक अन्य कार में मौजूद थे। जैसे ही चालक ने गाड़ी को स्टार्ट किया तो कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। गनीमत रही कि कार 20 मीटर नीचे जाकर कार एक बिजली के पोल पर टिक गई। अगर कार पोल पर नहीं रुकती तो गहरी खाई में गिरती। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि हादसे के समय कार में चार लोग सवार थे। कार को गिरता देख सभी स्थानीय लोग मदद को पहुंचे और (शेष पृष्ठ सात पर)

चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने 132 ग्राम चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसे कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। बनभूलपुरा थाना पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान गांधीनगर पार्क के पास संदिग्धावस्था में घूम रहे युवक को रोक कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 132 ग्राम चरस बरामद हुई। इस पर तस्कर अनिकेत साहू पुत्र रामचरन साहू निवासी अम्बेडकर नगर, चौकी मंगल पड़ाव को गिरफ्तार कर जिलया गया। पूछताछ में उसने (शेष पृष्ठ सात पर)

‘उत्तराखंड’ में ‘भ्रष्टाचार’ की एक और ‘बानगी’

मोदी के दौरे से पहले बनाई गई हॉट मिक्स सड़क उखड़ी ,महज दो माह के भीतर ही सड़क गड्ढों से पटी, देखते ही देखते सड़क में बन गए तकरीबन ढाई सौ गड्ढे, सोलह किलोमीटर सड़क के निर्माण में खर्च किए गए थे ढाई करोड़

-अर्श-

अल्मोड़ा । उत्तराखंड में आनन-फानन में गुणवत्ता विहीन सड़क निर्माण कराने और संबंधित सड़क के दो महीने के भीतर ही उखाड़ना आरंभ होने का एक बेहद विडंबना पूर्ण मामला इन दिनों खासा चर्चित हो रहा है और जन सामान्य इसे उत्तराखंड शासन- प्रशासन के भीतर गहरी जड़ें जमाए बैठे भ्रष्टाचार से जोड़कर देख रहा है । ज्ञात हो कि पीएम नरेंद्र मोदी के जागेश्वर दौरे के दृष्टिगत तकरीबन करीब ढाई करोड़ खर्च करके राज्य के लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 16 किलोमीटर लंबी हॉटमिक्स सड़क का निर्माण गुजरे अक्टूबर माह में कराया गया था, लेकिन भ्रष्ट नौकरशाही की करतूत के चलते उपरोक्त सड़क दो माह भी नहीं टिक पाई और आहिस्ता आहिस्ता सरफेस से अपनी पकड़ खोने लगी है। लिहाजा दो माह के भीतर ही स्विट्जरलैंड की सड़कों की तर्ज पर बनाई जाना प्रचारित करके, निर्मित की गई भ्रष्टाचार की इस सड़क पर कुछ पखवाड़े के भीतर ही लगभग तीन किमी सड़क पर 250 से अधिक छोटे बड़े गड्ढे बन गए हैं । हालिया निर्मित सड़क के कुछ ही दिनों के भीतर दुर्दशा को प्राप्त हो जाने पर स्थानीय लोग लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली पर तो उंगलियां उठ ही रहे हैं, साथ ही सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुसरण में आगामी कार्यवाही का भी इंतजार कर रहे हैं। बताना होगा कि बीते 12 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के जागेश्वर धाम में पूजा अर्चना को करने पहुंचे थे। पीएम के इस दौरे के मध्य नजर प्रशासन ने शौकियाथल हेलीपैड से जागेश्वर धाम तक करीब सोलह किमी सड़क को तुरत-फुरत हॉटमिक्स कर उपरोक्त सड़क को स्विटजरलैंड की सड़क सरीखा पुट दिया था। बताया जा रहा है कि सड़क ऐसी चकाचक बनाई गई थी कि हर कोई प्रशासन की तारीफों के पुलिंदे बांध रहा था, परंतु अब इस सड़क की बखियां उधड़ चुकी हैं।पीएम के दौरे के दो माह बाद ही इस सड़क का जर्रा-जर्रा गड्ढों से पट चुका है ,जिसके चलते वाहन चालकों को तमाम परेशानियां उठानी पड़ रही हैं तथा हादसों का खतरा दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है ।स्थानीय निवासियों के मुताबिक पीएम के दौरे के लिए प्रशासन की ओर से चकाचक की गई इस सड़क का डामर एक सप्ताह बाद ही उधड़ने लगा था और सड़क का मसाला उधड़कर बिखरने लगा था। इतना ही नहीं ,पीएम मोदी के दौरे के लिए वृद्ध जागेश्वर तिराहे से शौकियाथल तक बनाई गई सड़क की हालत भी खराब हो चली है तथा गई इस सड़क पर भी जगह जगह गड्ढे आकार लेना आरंभ कर चुके हैं। सबसे दिलचस्प तथ्य तो यह है कि उपरोक्त सड़कों के निर्माण के समय ही एनएचआई की देखरेख में वृद्ध जागेश्वर तिराहे से आरतोला के जागेश्वर तिराहे तक सड़क की मरम्मत की गई थी जो की काफी हद तक ठीक-ठाक हालत में है। कुछ दिनों पूर्व बनाई गई सड़क के दुर्दशा को प्राप्त होने की जन चर्चा का दायरा बढ़ने पर अब लोक निर्माण विभाग हरकत में आया है और लोक निर्माण विभाग के ईई विभोर गुप्ता के कहे अनुसार उपरोक्त सड़क के गड्ढे पाटने का काम शुरू किया जा रहा है।

सभी घरों में मनाएं दीपोत्सव:धामी

22 जनवरी तक सांस्कृतिक उत्सव के तहत प्रदेश के सभी जनपदों में होगे भव्य आयोजन

सभी मंदिरों, घाटों, आश्रमों ,प्रतिष्ठानों एवं गुरुद्वारों में वृहद स्तर पर चलायेंगे स्वच्छता अभियान

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय से सभी जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर आगामी 14 से 22 जनवरी 2024 तक सांस्कृतिक उत्सव के तहत प्रदेश में भव्य आयोजन के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को मंदिरों, घाटों, प्रतिष्ठानों एवं गुरुद्वारों में वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाने तथा प्रसाद के रूप में उत्तराखण्ड के मिलेट्स को अधिक से अधिक शामिल करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 22 जनवरी को राज्य में ड्राई डे घोषित किया तथा सभी अधिकारियों को वृद्धाश्रमों, नारी निकेतन, कुष्ठाश्रम, अनाथालयों, अस्पतालों में भी सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को सभी घरों में दीपोत्सव मनाएं तथा सभी जनपदों में विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएं। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छा कार्यक्रम करने वाले जनपद को सम्मानित किया जायेगा। प्रदेश सरकार ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन प्रदेश में शराब की दुकानें नहीं खुलेंगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारियों को इस दिन ड्राइ डे घोषित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा, 14 से 22 जनवरी तक सांस्कृतिक उत्सव के तहत प्रदेश में भव्य आयोजन होंगे। इन कार्यक्रमों में जनभागीदारी होगी। बताया जा रहा है कि रघुनाथ मंदिर, देवप्रयाग, पिथौरागढ़ में रामेश्वर एवं पंचेश्वर मंदिर में, चंपावत के छतार स्थित राम मंदिर एवं शारदा घाट में भी कार्यक्रमों होंगे। बागेश्वर में उत्तरायणी कौथिक में राम मंदिर थीम पर झांकियां निकलेंगी। अल्मोड़ा में कटारमल में मुख्य कार्यक्रम होगा। चमोली में प्रयागों और पंचबद्री में कार्यक्रम होंगे। नैनीताल में कैंची धाम और नैना देवी मंदिर में भी कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव एवं कमिश्नर गढ़वाल श्री विनय शंकर पाण्डेय, सचिव संस्कृति श्री एच.सी सेमवाल, निदेशक संस्कृति सुश्री बीना भट्ट और वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री को भेंट किए पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र

देहरादून। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व मुख्यमंत्री आवास में 'अक्षत वितरण टोली' के सदस्यों द्वारा अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत, श्री राम मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्र मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को भेंट किए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम आगामी 22 जनवरी को श्री अयोध्या धाम में नव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान होंगे, जिसके तहत पूरे देश में धूमधाम से अक्षत कलश यात्रा संचालित की जा रही है।

माँ धारी देवी एवं भगवान श्री नागराजा देव डोली शोभायात्रा का किया शुभारंभ

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में माँ धारी देवी एवं भगवान श्री नागराजा देव डोली शोभायात्रा 2024 का शुभारंभ किया। उन्होंने देव डोलियों की विधिवत पूजा-अर्चना कर सभी राज्यवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि देव डोलियों की परंपरा देवभूमि उत्तराखण्ड की संस्कृति का अभिन्न अंग होने के साथ ही हम सभी की अटूट आस्था और विश्वास का प्रतीक भी है। आध्यात्मिक महत्व से परिपूर्ण यह परंपरा हम सभी को ईश्वर से जोड़ने का अलौकिक माध्यम है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड संस्कृति साहित्य एवं कला परिषद श्रीमती मधु भट्ट भी उपस्थित थीं। आचार्य मधुसूदन जुयाल, राजदीप भट्ट एवं मनोज धस्माना आदि द्वारा मुख्यमंत्री को देव डोलियों की जानकारी भी दी गई।

स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने का आहवान

नैनीताल (उद संवाददाता)। उन्नत भारत अभियान एवं केयूआईआईसी सेल द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में 'आज का युवा कल के लिए' की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर वाई० एस० रावत मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर ललित तिवारी निदेशक विजीटिंग प्रोफेसर निदेशालय द्वारा किया गया। प्रोफेसर आशीष तिवारी निदेशक के०यू०आई०आई०सी० द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रोफेसर रावत ने छात्रों को स्वामी विवेकानंद जी के दर्शन एवं आदर्शों पर चलते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति तक न रुकने के लिए अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। इसी क्रम में विधि संकाय में प्रोफेसर पी० सी० जोशी द्वारा युवाओं का मार्गदर्शन किया गया। जिसमें विधि संकाय के एलएलएम के विद्यार्थी उपस्थित थे। विधि संकाय में डॉक्टर दीपाक्षी जोशी, विभागाध्यक्ष द्वारा सभी का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम मे डॉक्टर शशि प्रभा, डॉ पाटनी उपस्थित थे। कार्यक्रम मैं प्रो० एस० एस० बर्गली, प्रो० एल० एस० लोधियाल तथा प्रखर श्रीवास्तव उपाध्यक्ष छात्रसंघ ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम मैं प्रो० नीलू लोधियाल, समनव्यक उन्नत भारत अभियान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम मैं प्रो० किरन बर्गली, प्रो० सुषमा टम्टा, प्रो० अनिल बिष्ट, डा० कपिल खुलबे, डा० हर्ष चौहान, डा० प्रभा पंत, डा० नवीन पाण्डे, डॉ हेम जोशी, डॉ नंदन मेहरा, दिशा, गीतांजली, कुंजिका, वसुंधरा, योगेश, निर्मला, नीलम तथा एमएससी और बीएससी के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

उन्नत भारत
RAT AB
स्वच्छ भारत
SITY

सकैनिया में पूजित अक्षत का वितरण

गदरपुर(उद संवाददाता)। दिव्य नगरी आयोध्या से आये पूजनीय अक्षत का भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने ग्रामीणों को वितरण किया। सकैनिया के देवी मंदिर पर शुक्रवार की सुबह ग्राम प्रधान संजय चौधरी व जिला पंचायत सदस्य सुरजीत सिंह सोनू द्वारा मंदिर के महंत बाबा निरंजन भारती के सानिध्य में ग्रामीणों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। इस दौरान काशीपुर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्य नगरी अयोध्या से पहुंचे पूजनीय अक्षत का वितरण किया गया। इस दौरान शिवम त्रिपाठी द्वारा दिव्या नगरी अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत की पूजा पद्धति व 22 जनवरी से पूर्व प्रत्येक सनातनी के घर तक पहुंचाना अनिवार्य बताया। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा भी प्रत्येक ग्रामीण से निवेदन किया कि 22 जनवरी की सुबह अपने निकटवर्ती मंदिर में पूजा अर्चना करें व रात्रि में चार दीपों का प्रकाश अवश्य करें। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा की प्रभु श्री राम का मंदिर जो पांच सौ साल का लंबा इंतजार था जहां प्रभु श्री राम का जन्म हुआ था वहां प्रभु श्री राम टेंट में रहने को मजबूर थे यदि आंधी तूफान में टेंट फट जाता था तो उसको बदलने की अनुमति भी हमें कोर्ट से लेनी पड़ती थी किंतु आप लोगों के सहयोग व प्रभु श्री राम के आशीर्वाद से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री राम मंदिर बनाने का संकल्प लिया गया जो पूरा हुआ जिसमें आने वाली 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष प्रेमपाल, राज कुमार सूरज कुमार, अमन कुमार,रवि प्रजापति, शुभम लोधी, सनी कुमार,मन्नी कुमार, अजय कुमार, किशन लाल, ओम प्रकाश सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद है।

पालिका के यूजर चार्ज का व्यापारियों ने किया विरोध

लोहाघाट (उद संवाददाता)। नगर पालिका लोहाघाट द्वारा 2 जनवरी से नगर क्षेत्र में लोगों व व्यापारियों से यूजर चार्ज लेने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है जिसमें शासन द्वारा तय की गई दरों से यूजर चार्ज लिए जा रहे हैं वहीं पालिका द्वारा यूजर चार्ज लेने का व्यापारियों के द्वारा विरोध किया जा रहा है। व्यापारियों ने कहा पालिका ने व्यापारियों व नगर के लोगों को विश्वास में लिए बिना मनमाने तरीके से यूजर चार्ज की वसूली शुरू कर दी है जिसका नगर क्षेत्र के व्यापारी व नगरवासी विरोध करेंगे व्यापारियों ने इस मामले को लेकर शुक्रवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष भैरव दत्त राय व निवृत्तमान पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा के नेतृत्व में पालिका प्रशासक एसडीएम लोहाघाट रिंकू बिष्ट से मुलाकात कर यूजर चार्ज लेने का विरोध करते हुए यूजर चार्ज वापस करने की मांग करते हुए अपने सुझाव रखें वहीं एसडीएम रिंकू बिष्ट व नगर पालिका लोहाघाट की ईओ प्रियंका रैकवाल ने कहा शासन के आदेशों के तहत तय किए गए यूजर चार्ज नगर पालिका के द्वारा लोगों व व्यापारियों से 2 जनवरी से लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया प्रदेश के अन्य पालिका क्षेत्र में 2017 से ही यूजर चार्ज लिया जा रहा है जबकि लोहाघाट में पालिका के द्वारा 2024 जनवरी से यूजर चार्ज लिए जाने लगे हैं उन्होंने बताया शासन के द्वारा तय की गई यूजर चार्ज की दरों के हिसाब से ही यूजर चार्ज लिए जा रहे हैं। एसडीएम ने कहा जो व्यापारियों से 100 प्रति महीना यूजर चार्ज लिया जाना था उसे 50 प्रतिमाह कर दिया गया है। एसडीएम ने कहा यूजर चार्ज लेने का गजट पास हो चुका है इसलिए अब इसमें बदलाव नहीं किया जा सकता। अगर व्यापारी चाहे इसके विरोध में कोर्ट जा सकते हैं। मालूम हो पूर्व में व्यापारियों व निवर्तमान पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा के द्वारा यूजर चार्ज के विरोध में लोहाघाट नगर पालिका की प्रशासक एसडीएम रिंकु बिष्ट को ज्ञापन दिया जा चुका है। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भूपाल सिंह मेहता, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष सतीश मुरारी, दीपक मुरारी, प्रकाश शाह, नवल राय, कीर्ति बगोली सहित कई व्यापारी मोजूद रहे।

मुख्य चौराहों, बस स्टैंड सहित कई इलाकों में की गई अलाव की व्यवस्था

नैनीताल।जिलाधिकारी वंदना सिंह के दिशा निर्देशों के तहत ठंड के सीजन में आम जनता और असहाय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए जिले के मैदानी समेत ग्रामीण इलाकों मे शीतलहर से बचाव हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम-पालिका और ग्राम पंचायतों के मुख्य चौराहों, बस स्टैंड आदि इलाकों में अलाव की व्यवस्था की गई है।साथ ही जिलाधिकारी ने एसडीएम,तहसीलदार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में रात्रि रेनबेसरों का निरीक्षण कर खुले में सो रहे लोगों को कंबल वितरण और रेनबेसरों तक पहुंचाने की व्यवस्था करेंगे तथा सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाने की व्यवस्था का निरीक्षण कर फोटोग्राफ सुनिश्चित करने की बात कही। अपर जिला अधिकारी पी आर चौहान ने बताया कि गुरुवार नगर पंचायत लालकुंआ, नगर पालिका भवाली, रामनगर, कालाढूंगी मुख्य बाजार आदि इलाकों में अलाव की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि असहाय और यात्रियों के लिए रैन बसेरों में भी रुकने की व्यवस्था की गई है। साथ ही राजस्व एवं नगर निकायों के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर नियमित अलाव की व्यवस्था, गरीबों को निशुल्क कम्बल वितरण के साथ ही खुले मे सोने वाले व्यक्तियों को जनपद में संचालित रैन बसेरे में ठहरने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए है। उन्होंने राजस्व और नगर निकायों के अधिकारियों को रात्रि गश्त भम्रण कर खुले में सोने वाले व्यक्तियों को रैन बसेरों में ठहराते हुये सुनिश्चित किया जाए। जिससे ठंड के सीजन में आम जनमानस को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

उत्तरायणी पर्व पर गदरपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

गदरपुर(उद संवाददाता)। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान समिति के तत्वावधान में राजकीय इण्टर कालेज प्रांगण में मकरसंक्राति पर्व पर उत्तरायणी पर्व 14 जनवरी को समिति की 22 वीं वर्षगांठ के रुप में उत्तरायणी महोत्सव पर कुमाऊंनी व गढ़वाली की गौरवशाली परम्परा व संस्कृति जीवित हो उठेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा.नवीन उपाध्याय,वरिष्ठ अतिथि गजेन्द्र सिंह, बिष्ठ एडवोकेट, प्रहलाद राम आर्या सेवानिवत्, तहसीलदार, नन्दाबल्लभ भट्ट,सेवानिवृत्त विद्युत विभाग, हुकम सिंह बिष्ट सेवानिवृत्त उत्तराखंड ग्रामीण बैंक, डीगर पांडे सेवानिवृत्त विद्युत विभाग, पदम सिंह विष्ट उत्तराखंड पुलिस होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर कुमार कोहली सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर करेंगे। कार्यक्रम में सुपर स्टार लोकगायक गजेन्द्र राणा, सुपर स्टार लोकगायक रमेश बाबू गोस्वामी,सुपर स्टार लोकगायिका सीमा विश्वकर्मा,सुपर स्टार लोकगायक जितेन्द्र तोमक्याल एवं सुपर स्टार हास्य कलाकार लच्छू पहाड़ी कुमाऊं व गढ़वाली की गौरवशाली परम्परा व संस्कृति की छाप छोड़ेगें। समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मंच संचालक पंकज काण्डपाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रात:10 बजे,सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रात:11 बजे होंगे। श्री काण्डपाल ने अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्रवासियों को समय से कार्यक्रम में पहुंचकर शोभा बढ़ाने की अपील की है।

विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को दी जानकारी

गदरपुर(उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पालिका परिषद गदरपुर द्वारा पुलिस स्टेशन के निकट पार्किंग में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें भारत सरकार की विभिन्न संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुॅचाने हेतु स्टाल लगाये गये। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, एसडीएम गौरव पांडेय एवं अधिशासी अधिकारी संजीव मेहरोत्रा द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, जिला उद्योग विभाग विद्युत विभाग, पूर्ति निरीक्षक, जल संस्थान, बाल विकास परियोजना विभाग, आयुषमान कार्ड, स्वयं सहायता समूह एंव स्वच्छता सम्बन्धित स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों में संचालित योजनाओं का जनमानस को प्रचार-प्रसार के माध्यम से जानकारी दी गयी। नगर निकाय संचालित योजना में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत भवन पूर्ण होने पर 50 लाभार्थियों को व्यक्तिगत शौचालय बनाने वाले 45 लाभार्थियों, 03 स्वयं सहायता समूह 10 स्ट्रीट बैण्डर्स पी०एम०स्व निधि के अन्तर्गत, स्वत: रोजगार योजना के अन्तर्गत 02 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष सुरेश खुराना, भाजपा जिला मंत्री चंकित हुडिया, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, पूर्व व्यापार मण्डल अध्यक्षा पंकज सेतिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष राकेश भुड्डी, पूर्व सभासद परमजीत सिंह पम्मा, मनोज गुम्बर, सतीश मिढडा, वृजेश कुमार, भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक हुड़िया, निकाय कर्मियों में विजेन्द्र कुमार, मुकेश भण्डारी, मुकेश कुमार, दीपेश जोशी, तौफिक, अरूण, राजकुमार, राहुल उदेश, नन्हें राजू आदि उपस्थित थे।

स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।देवभूमि बैकुंठपुर में स्वामी विवेकानंद जयंती महोत्सव धूमधाम के साथ मनाई गई।बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के लिए प्रेरणा स्रोत है।शिकागो सम्मेलन में उनके द्वारा दी गई संभाषण अद्वितीय है।स्वामी विवेकानन्द जी युवा पीढ़ी के लिए महान संदेश देते हुए कहा युवा किसी भी देश के लिए रीढ है।इस मौके पर समीर सरकार,अनिमेष,राणा सरकार,जगदीश,आनंद राय, जीवन विश्वास, रामकृष्ण बैरागी,हरिकृष्ण, सुप्रितम राय ,नरेश साना ,गोविंद देवनाथ आदि मौजूद थे।

अभिषेक सक्सेना बने स्वास्थ्य मंत्री ने प्रतिनिधि

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत द्वारा नगर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अभिषेक सक्सेना को जनपद उधम सिंह नगर में अपना स्वास्थ्य प्रतिनिधि नियुक्त किया है तथा जिले के स्वास्थ्य महकमें को इस आशय का पत्र प्रेषित किया है। अभिषेक सक्सेना के स्वास्थ्य प्रतिनिधि नियुक्त होने पर तमाम स्वास्थ्य संगठनों ने खुशी जाहिर की है। लोगों ने कहा है कि अभिषेक सक्सेना इस पद पर रहते हुए जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित समस्याओं से स्वास्थ्य मंत्री को निरंतर अवगत कराते हुए समस्याओं का समाधान करते रहेंगे उनके स्वास्थ्य प्रतिनिधि बनने पर तमाम संगठनों ने भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है अपने को स्वस्थ्य प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि जनपद के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केदो में एवं अन्य स्वास्थ्य से संबंधित संस्थानों में जो भी कमियां होगी उन्हें दूर करने का भर्षक प्रयास किया जाएगा उन्होंने कहा कि जिस किसी को भी स्वास्थ्य से संबंधित कोई भी जान दिक्कत हो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकता है।

शिविर में मरीजों का हुआ नि:शुल्क चैकअप

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। केवीआर हास्पिटल काशीपुर की ओर से निशुल्क कैम्प का आयोजन , नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा में कियाग या। निशुल्क कैम्प का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रमेश बहुगुणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर केवीआर हास्पिटल के डॉक्टरों की टीम ने लोगों का नि:शुल्क चेकअप किया और दवाई भी निशुल्क बांटी। केवीआर हास्पिटल के सभी टीम ने नाक,गला, दांत,कान, हड्डी, ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच की। इस अवसर पर भ्ज्ञाजपा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष कैलाश गूरुरानी, जिला मीडिया सह प्रभारी जगत तिवारी, युवा मोर्चा रोहित शर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता एस, कुमार व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

हरभजन बने टीडीसी के निर्विरोध डायरेक्टर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।पंतनगर हल्दी में विगत दिवस टीडीसी के चुनाव में बगवाड़ा निवासी सरदार हरभजन सिंह के निर्विरोध डायरेक्टर बनने पर क्षेत्र के किसानों ने शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर सरदार हरभजन सिंह ने कहा कि हल्दी तराई विकास निगम द्वारा किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए वह प्रयास करेंगे और समय से किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम मिले मिले इसके लिए वह काम करेंगे निर्विरोध स डायरेक्टर बनने उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने पंजाबी समुदाय को दी लोहड़ी की बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को विशेषत: सिख समुदाय को लोहड़ी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। लोहड़ी पर्व की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और खुशहाली लेकर आए। उन्होंने कहा की त्यौहार हमारे जीवन में उत्साह एवं उमंग लाते हैं। राज्यपाल ने कहा कि इस त्यौहार के माध्यम से हमारे समाज में प्रेम, स्नेह का बन्धन मजबूत हो तथा देश में समृद्धि और खुशहाली बढ़े।

राज्यपाल ने पटना साहिब में नवाया शीश

देहरादून(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) अपने तीन दिवसीय बिहार दौरे पर शुक्रवार को पटना साहिब पहुंचे। राज्यपाल ने दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्म स्थान श्री पटना साहिब जी में मत्था टेका और उत्तराखण्ड प्रदेश एवं देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और प्रगति की कामना की।राज्यपाल ने कहा ''मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूँ कि गुरुजी की पावन धरती में आने का अवसर प्राप्त हुआ। कुछ दिनों में गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व बड़े धूम धाम से मनाया जायेगा, आइए इस पौष महीने को, उत्साह और श्रद्धांजलि के रूप में अर्पित करें।''

महर्षि विद्या मंदिर में मनाया ज्ञान युग दिवस

Conference on
अध्यात्म के माध्यम से शांति की स्थापना
Establishing Peace through Spiritualism
12th JANUARY 2024

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महर्षि विद्या मन्दिर मेंपरमपूज्य महर्षि महेश योगी जी का जन्मोत्सव ज्ञानयुग दिवस धूमधाम से मनाया गया। परमपूज्य महर्षि महेश योगी जी श द्वारा ज्ञानामृत धारा संपूर्ण विश्व में प्रवाहित किया है। उनके जन्मदिवस की पावन बेला पर प्रधानाचार्य अमिता कुमार द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। अपने व्याख्यान में उन्होंने समस्त अतिथि जनों को महर्षि जी के ष्अध्यात्म के माध्यम से शांति की स्थापना तथा उनके आध्यात्म के जीवन पर प्रकाश डाला तथा भावातित ध्यान के विषय में लोगों को अवगत कराया। भावातित ध्यान की विशेषता तथा इसके लाभ को बताते हुए उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हम ध्यान द्वारा शांति व जीवन में आंनद को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि जी द्वारा भावातित ध्यान की स्थापना व संपूर्ण विश्व शांति स्थापना हेतू योगदान दिया गया। जिसके हम सभी ऋणी रहेगें व ध्यान के माध्यम से अपने जीवन को आनन्दित कर सकते हैं। इस अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर का समस्त परिवार उपस्थित था।

समस्त क्षेत्रवासियों को
लोहड़ी एवं
मकर संक्रान्ति
की हार्दिक बधाई
Happy Lohri

विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
एवं कुमाऊं मंडल प्रभारी
प्रदेश अग्रवाल महासभा, उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन, लालपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति की हार्दिक बधाई

जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज

बंशीधर गुम्बर
पूर्व अध्यक्ष

आंशू गुम्बर

रोहित गुम्बर

निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर
स्ट्रारीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000

समस्त प्रदेशवासियों
को लोहड़ी एवं
मकर संकाति
की हार्दिक
शुभकामनाएँ

सीए शिव अरोरा
विधायक, रुद्रपुर विधानसभा

समस्त क्षेत्रवासियों को लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति की हार्दिक बधाई

ओम बापू
मशीनरी स्टोर

हरीश चन्द्र गुम्बर

विशाल गुम्बर

निकट श्री बालाजी मन्दिर, आदर्श कालोनी, रुद्रपुर मो0 [illegible]

समस्त क्षेत्रवासियों को लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति की हार्दिक बधाई

BEDI'S
The Crockery
Shoppee

Sanjeev Bedi 'Sanju'

D-9, Opp. Gurudwara, Gole Market
Rudrapur Mob.: 9760697606

समस्त क्षेत्रवासियों को
लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति
की हार्दिक बधाई

मोहन लाल खेड़ा
निर्वतमान पार्षद भूरारानी
रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)

समस्त क्षेत्रवासियों को
लोहड़ी एवं
मकर संक्रान्ति
की हार्दिक बधाई
Happy Lohri

चन्द्रकेश यादव

तिरुपति कन्वेसिंग एजेन्ट
गल्ला मण्डी, रुद्रपुर (ऊ0सिं0नगर) मो0 9412089030

तिरुपति पैडी प्रोडक्टस
नगर पालिका मार्केट, दुकान नं058, रुद्रपुर मो0 9917304466

समस्त क्षेत्रवासियों को लोहड़ी एवं
मकर संक्रान्ति की हार्दिक बधाई
Happy Lohri

शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर

सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर

श्री सांई कन्सट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)

समस्त क्षेत्रवासियों
को लोहड़ी एवं
मकर संकाति की
हार्दिक शुभकामनाएं

सजल अग्रवाल

संजय अग्रवाल
डायरेक्टर

साविती देवी इण्डस्ट्रीज
उच्च कोटि चावल के निर्माता
ग्राम कीरतपुर, काशीपुर रोड, महानगर रुद्रपुर मो. 9837076834

समस्त क्षेत्रवासियों को
लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति
की हार्दिक बधाई
सुरेश गौरी
निवर्तमान पार्षद,नगर निगम
रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)

अयोध्या के लिए पैदल यात्रा पर निकले सुशील का जगह जगह जोरदार स्वागत

रुद्रपुर(उद संवादाता)। रूद्रपुर से अयोध्या तक 475 किलोमीटर पैदल यात्रा पर निकले सुशील गाबा को रुद्रपुर के दर्जनों शिष्ट मंडलों ने उनके यात्रा मार्ग पर पहुंचकर उत्साहवर्धन किया एवं आशीर्वाद दिया। बीते दिवस श्री बद्री केदार सेवा मंडल के अशोक गुंबर, गगनदीप सिंह, जगदीश टंडन एवं जतिन नागपाल ने तिलहर पहुंचकर समाजसेवी सुशील गाबा को अंगवस्त्र पहनाकर तथा यात्रा पथ हेतु फल, ड्राई फ्रूट भेंट किए और शाम की चाय का लंगर भी कराया गया। बद्री केदार सेवा समिति के सेवादार अशोक गुंबर ने श्री गाबा के इस पैदल यात्रा पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह रुद्रपुर के लिए एक मिसाल कायम हो गई है जिससे प्रेरणा लेकर बहुत से लोग प्रभु श्री राम जी की नगरी अयोध्या को रवाना हुआ करेंगे। ऐसे नौजवान समाजसेवियों की हौसला अफजाई बहुत जरूरत है। रुद्रपुर से समाजसेवी हरविंदर सिंह अरोड़ा, शिमला पिसतौर के समाजसेवी हरीश अरोड़ा रुद्रपुर की व्यवसायी दर्शन सिंह पाहवा ने भी यात्रा मार्ग पर पहुंचकर श्री गाबा का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया और उनकी शुभ यात्रा के लिए आशीर्वाद व स्नेह प्रदान किया। शाहजहांपुर में श्रीमती प्रीतम कौर मदान एवं उनके सुपुत्र इशू मदान ने श्री गाबा का स्वागत किया। श्रीमती प्रीतम कौर रुद्रपुर के समाजसेवी बलजीत सिंह गाबा की बहन है उन्होंने श्री गाबा को आशीर्वाद देकर शाहजहांपुर में स्वागत किया। गंगापुर के समाजसेवी मोहित सिंह ने भी साथियों सहित श्री गाबा से मुलाकात की।

समस्त क्षेत्रवासियों को लोहड़ी एवं
मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाऐं
जे.बी. सिंह
NC
ISO 9001 : 2008
NATIONAL CONSTRUCTION
BUILDERS & CONTRACTOR
16, Avas Vikas, Opp. PAC Gate, Nainital Road,
Rudrapur (U.S. Nagar) E-mail: national.cc@rediffmail.com

लाभार्थियों को बांटी महालक्ष्मी किट

गूलरभोज(उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत नगर पंचायत गूलरभोज में राशन कार्ड एवं पेंशन समस्त विभागों के अधिकारियों ने स्वास्थ्य, बाल विकास महिला, स्वयं सहायता समूह विद्युत विभाग उद्यान विभाग खाद्यान्न विभाग समाज कल्याण विभाग ऐसे दर्जनों विभागों ने स्टॉल लगाकर अपनी योजनाओं का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच में रखा। वही लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। संचालन गिरीश दुबे ने किया। इस अवसर पर अनीता दुबे, अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी, तरुण दुबे, डॉ.सुधीर गुप्ता, विजेंद्र यादव, डॉ. संजय कुमार, रमेश सागर, भूपेंद्र आर्य, नरेश कुमार, उषा देवी चौधरी, संतोष, संजीव गुप्ता,शेषनारायण शुक्ला, राजीव गुप्ता आदि लोग थे।

विधायक पाण्डे ने किया सड़क का शिलान्यास

गदरपुर (उद संवाददाता)। बहुप्रशिक्षित रुद्रपुर रोड से दिनेशपुर मार्ग तक की बड़ा खेड़ा होते हुए सड़क का शिलान्यास करते हुए क्षेत्रीय विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे ने कहा कि गदरपुर विधानसभा को उत्तराखंड की सबसे आदर्श विधानसभा बनाने का उनका लक्ष्य है। विधायक पांडे ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के रास्ते पर है आज भारत की गिनती दुनिया के विकसित देशों में होने लगी है ।श्री पांडे ने कहा कि गूलरभोज आने वाले समय में इस उत्तराखंड का एक बेहतर पर्यटक स्थल बनने वाला है जिसके कारण गदरपुर विधानसभा का जबरदस्त विकास होगा। उन्होंने बताया कि यह मार्ग लगभग 1 किलोमीटर का है जो की हॉट मिक्स से बनाया जाएगा ।साथ ही साथ क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने इस रोड का नाम भी भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय हरिश्चंद्र बेहड के नाम पर करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता स्वर्गीय श्री हरिश्चंद्र बेहड़ के किए कार्यों को कभी भी नहीं भूल सकता और उनसे प्रेरणा लेता है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने ढोल और जयकारों के साथ क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे का स्वागत किया।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

आतंकी घुसपैठ की चुनौती

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी संगठनों को पाकिस्तान का प्रश्रय छिपी बात नहीं है। इसके अनेक प्रमाण न केवल पाकिस्तान को सौंपे जा चुके हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उन्हें रखा गया है। मगर पाकिस्तान के रवैए में जरा भी बदलाव नजर नहीं आता। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय सेना की सख्ती, सतत सघन तलाशी और सीमा पर कड़ी चौकसी से आतंकी घुसपैठ में कमी आई है। सीमा पार से आने वाले हथियारों और वित्तीय मदद पर रोक लगी है। मगर कुछ इलाकों में वह अपनी पैठ बनाने में कामयाब देखा जा रहा है। इसी का नतीजा है कि कश्मीर के पुंछ और राजौरी इलाके में पिछले दिनों आतंकवादी हमले बढ़े हैं। यह बात सेना दिवस पर भारतीय सेना प्रमुख ने भी स्वीकार की। मगर पिछले कुछ वर्षों में आतंकवादियों ने जिस तरह अपनी रणनीति बदली है और वे घात लगा कर सुरक्षाबलों पर हमला करते देखे जा रहे हैं, वह ज्यादा चिंता की बात है।उनके हमलों की प्रकृति और उनमें इस्तेमाल हुए हथियारों आदि को देखते हुए स्पष्ट है कि दहशतगर्द सुरक्षाबलों को न केवल चकमा देने में सफल रहे हैं, बल्कि अधिक मारक हथियारों का इस्तेमाल करने लगे हैं। अगर इसके लिए उन्हें पाकिस्तान से मदद मिल पा रही है, तो उस पर लगाम लगाने के क्या उपाय हो सकते हैं, इस पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। घाटी में दहशतगर्दों को मदद पहुंचाने वालों पर नकेल कसने की हर कोशिश की गई है। हुर्रियत जैसे अलगाववादी संगठनों के नेताओं को सलाखों के पीछे डाला और उनके संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। उनके बैंक खाते बंद कर दिए गए। घाटी में जहां से भी आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद पहुंच सकती है, उन सब पर अंकुश लगाने के प्रयास हुए हैं। पाकिस्तान के साथ सड़क मार्ग से होने वाली तिजारत लंबे समय से बंद है। इस तरह उधर से आने वाली हथियारों आदि की खेप रुक गई है। इसके बावजूद अगर आतंकवादी न केवल घाटी में सक्रिय हैं, बल्कि थोड़े-थोड़े समय बाद सुरक्षाबलों को चुनौती पेश कर देते हैं, तो स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि उनसे पार पाने की पुख्ता रणनीति क्यों नहीं बनाई जा पा रही।इस हकीकत से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि अब भी स्थानीय लोगों में दहशतगर्दों को पनाह देने की प्रवृत्ति समाप्त नहीं हुई है। अनेक शैक्षणिक संगठनों और प्रतिष्ठानों में छानबीन के बाद मिले तथ्यों से स्पष्ट है कि स्थानीय युवाओं का आतंकी संगठनों के प्रति आकर्षण कम नहीं हुआ है। आतंकवाद किसी भी देश और समाज की तरक्की के लिए बहुत बड़ी बाधा होता है। निस्संदेह उस पर काबू पाने के लिए सेना की चौकसी अनिवार्य है। मगर यह भी सही है कि केवल सेना के सहारे इस समस्या पर काबू नहीं पाया जा सकता। इसके लिए राजनीतिक प्रयास भी जरूरी हैं। सब जानते हैं कि पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ, भारत में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देते रहे हैं। वहां का राजनीतिक नेतृत्व भी इसे अपने लिए मुफीद पाता है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक स्तर पर शांति प्रयास लंबे समय से रुके हुए हैं। ऐसे में भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उसके खिलाफ दहशतगर्दी के सबूत पेश करता रहा है। मगर चीन जैसे उसके समर्थक देश ऐसे सबूतों को बहुत गंभीरता से नहीं लेते। जरूरत है कि घाटी में स्थानीय लोगों का भरोसा जीता और पाकिस्तान पर दहशतगर्दों को पनाह देने से रोकने का दबाव बनाया जाए।

गुरु मां लोहड़ी उत्सव में मस्ताना के गानों पर थिरके लोग, मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पंजाबी जनकल्याण समिति द्वारा गुरु मां लोहड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पंजाबी गायक चन्नी मस्ताना व उनकी टीम के कलाकारों द्वारा लोहड़ी प्रज्जवलन एवं मंच पर पंजाबी थीम पर प्रस्तुति दी गई। मंच पर विभिन्न संस्थाओं के लगभग 200 बच्चे अपनी प्रस्तुति पंजाबी लोहड़ी थीम पर दी। इस दौरान समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली पांच संस्थाए प्राचीन शिव मंदिर समिति, नवयुवक संघ, रोशनी सोसाइटी, पुनर्नवा महिला समिति व अकाल पूरक की फौज को मानव ढींगरा ने अपने पिताजी जी स्वर्गीय प्यारा चंद ढींगरा स्मृति में संस्था सम्मान से सम्मानित किया। लोहड़ी उत्सव में दसवीं और बारहवीं में जिन पंजाबी बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए उन्हें स्वर्गीय रमेश चंद्र मोंगा की स्मृति में आम्रपाली शिक्षण संस्थान द्वारा मेधावी सम्मान से सम्मानित किया गया। जिन नवजात बच्चों एवं नव विवाहित पंजाबी जोड़ों की पहली लोहड़ी है उनके साथ संस्था लोहड़ी प्रज्जवलित की गई एवं उनको उपहार भी दिए गए।कार्यक्रम में मुख्य प्रायोजक गुरु मां इलेक्ट्रॉनिक्स आदि रहे। कार्यक्रम में अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, निवर्तमान नगर निगम मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला आदि रहे। मंच पर संचालन पंजाबी वूमेन क्लब की नीतू साहनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक सुभाष मोंगा, कश्मीरी लाल साहनी, अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़, महामंत्री मुकेश ढींगरा, उपाध्यक्ष संजीव आनंद, उमंग वासुदेव, राजीव बग्गा, पुनीत साहनी, दिनेश मनसेरा, कनिष्क धींगरा, हितेंद्र भसीन, राजीव वाही, अशोक राजपाल, संदीप गांधी, प्रेम मदान, महेश आहूजा हन्नी, पंकज कपूर, किशन लाल राजपाल, अजय गुम्बर, रश्मि राजपाल, पूनम क्वात्रा, पूजा बग्गा, अवनीश राजपाल, शिखर आहूजा, अनीमेष गिरधर, आदि उपस्थित थे।

गांधी पार्क में चाकू समेत दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसआई नीमा बोहरा ने गश्त के दौरान दो युवकों को गांधी पार्क में अवैध चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि नीमा बोहरा साथी पुलिस कर्मी अपर उप निरीक्षक दीपक चौहान, कां दीपक कुमार व हरीश रावत के साथ क्षेत्र मे गश्त कर रही थीं। गांधी पार्क के मुख्य द्वार के सामने दो व्यक्ति संदिग्ध रूप से खड़े दिखाई दिये। शक होने पर पुलिस टीम ने दोनों व्यक्तियों को पकड लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता शुभम पुत्र मेवा राम कोली व राहुल पुत्र रमेश निवासी रम्पुरा वार्ड 24 हनुमान मंदिर वाली गली बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से एक एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

खेल सुविधाओं के लिए मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधु ने सचिवालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना की प्रगति की समीक्षा कर सभी विभागीय प्रमुखों को अच्छे प्रोजेक्ट्स तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने खेल सुविधाओं के लिए पूरे प्रदेश का मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है, सभी विभाग समय पर प्रस्ताव भेजें। मुख्य सचिव ने शिक्षा विभाग को स्कूलों में विद्यालय भवनों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय आदि के निर्माण में तेजी लाने हेतु शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर बड़े शहर में ऑडिटोरियम, इन्डोर एवं आउटडोर स्टेडियम तथा प्रदेश के रिवर फ्रंट डेवेलपमेंट की योजनाओं के लिए पर्यटन विभाग को एंकर विभाग बनाया जाए ताकि रिवर फ्रंट डेवेलपमेंट के कार्यों को पर्यटन की दृष्टि से तैयार किया जा सके। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, सचिव श्री शैलेश बगोली ,श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, श्री एस. एन. पाण्डेय सहित अन्य विभागीय उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

तनीषा और मुस्कान ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में किया प्रतिभाग

गदरपुर(उद संवाददाता)। युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 'युवा के लिए-युवा के द्वारा' थीम पर 27 वे राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन नासिक,महाराष्ट्र में किया जा रहा है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरक उद्बोधन के साथ हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज भारत का अंदाज युवा है और भारत का मिजाज भी युवा है युवा किसी से डरते नहीं है और ना ही पीछे हटते हैं युवा तो नेतृत्व करते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री तथा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर,महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे,महाराष्ट्र के खेल मंत्री संजय बाबूराव बनसोडे,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की सचिव श्रीमती मीता राजीव लोचन उपस्थित रहे। शुभारंभ समारोह में भाग लेने के लिए देशभर से हजारों युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे। नासिक (महाराष्ट्र)में 12 से 16 जनवरी तक चलने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में गदरपुर के दो प्रतिभागी तनीषा चावला व मुस्कान चावला प्रतिभाग कर रहीं हैं जिसमें तनीषा चावला युवा शिखर सम्मेलन और मुस्कान चावला यंग आर्टिस्ट्स कैंप में उधम सिंह नगर जिले का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। मुस्कान चावला नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर में विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक भी हैं। नेहरू युवा केंद्र उधम सिंह नगर के जिला युवा अधिकारी आशीष पाल व समस्त स्टाफ ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रतिभाग करने के लिए तनीषा चावला व मुस्कान चावला को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय युवा महोत्सव नासिक (महाराष्ट्र) में मुस्कान चावला व तनीषा चावला को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री तथा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से मिलने व बातचीत करने का अवसर भी मिला।

आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत माह किच्छा बाईपास मार्ग पर एक महिला को टक्कर मारकर उसे घायल कर देने के बाद मौके से फरार हुए बाईक चालक के विरूद्ध परिजनों ने रपट दर्ज करा दी है। दर्ज रपट में वरेन्द्र पाल पुत्र नारायण दास निवासी वार्ड19, खेडा ने कहा है कि उसकी माता श्रीमती रामवति पत्नी नारायण दास 19 दिसम्बर को साय खेड़ा में स्थित निकट नर्मदेशवर मन्दिर से पैदल अपने घर की ओर आ रही थी। तभी मोटरसाईकिल संख्या यूके 06 बीडी 1707 के चालक ने लापरवाही से उसकी माता को सामने से टक्कर मार दी। जिससे उनके सिर व पैर में गम्भीर चोट आयी। माता जी का उपचार अभी एक निजी चिकित्सालय में चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

युवा दिवस

हे नरेन्द्र, तुम थे महान,
भारत माँ का आप आत्मसम्मान,
युवाओं के प्रेरणास्त्रोत,
भक्ति भाव से ओत प्रोत,
भारत के महान संत,
उनकी बुद्धिमत्ता का ना था कोई अंत,
परमहंस के अनुपम शिष्य,
मिशन रामकृष्ण की रखी नींव,
सर्वशिक्षा को दिया महत्व,
लक्ष्य से अपने भटकना
मत दिया यही ज्ञान
विदेश में बढ़ाया अपने देश का मान,
बुद्धिमानी और हाजिर जवाब की
कायल रही दुनिया,
विश्व धर्म संसद में गूंजती रही उनके
सम्मान में अनवरत तालियां,
अध्यात्म की जगत को दिखाई राह,
आत्मविश्वास का पढ़ाया पाठ,
नारी शक्ति को दिया सम्मान
स्त्री शिक्षा से है संसार की प्रगति
संसार को दे गये ज्ञान की कृति,
सांसारिक मोहमाया को दिया नकार
योग और वेदांत का किया प्रसार
'उठो जागो, हिम्मत मत हारना,
तुम देश के युवा हो,खुद को कमजोर
मत समझो'
आत्मज्ञान और निडरता इनको अपनी
शक्ति बनाओ

-निकेता पाहुजा,रुद्रपुर

राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद को किया नमन

सितारगंज (उद संवाददाता)। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शिक्षण संस्थान करिजमेटिव इंस्टीट्यूट में सितारगंज भाजपा के मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर युवाओं को उनके जीवनी से जुडी कुछ बातों को बताया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष स्वामी विवेकानंद जी के जन्मोत्सव के अवसर पर अलग अलग कार्यक्रमो के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का कार्य किया जाता हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत, युवा वर्ग को उनकी प्रेरणा , सामाजिक उत्थान एवं आध्यात्मिक मूल्यों में उनका योगदान तथा उनकी शिक्षाओं के बारे में कार्यक्रम प्रस्तृत किए जा रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि भारत सरकार ने भी स्वामी विवेकानंद जी को अपना आध्यात्मिक और दार्शनिक नेता माना। यही कारण है कि देश के युवाओं के प्रति उनके विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए हर वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की परंपरा 1984 में शुरू की गयी। स्वामी विवेकानंद जी हमेशा युवाओं की क्षमता को दोहन करना चाहते थे। वे अपने विचारों से युवाओं को ध्यान केंद्रित करना चाहते थे। स्वामी विवेकानंद चाहते थे की युवा पीढ़ी अपनी गौरवशाली संस्कृतिके संरक्षण व संवधन के साथ-साथ देश के लिए आगे बढ़े अंग्रेजों का मुकाबला करें और स्वतंत्रता में अपना योगदान दें। वहीं भाजपा युवा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नवीन भट्ट ने कहा कि हिंदू धर्म प्रवर्तक, वेदों के ज्ञाता,आध्यात्मिकता से परिपूर्ण स्वामी विवेकानंद ने अपने महान व अनमोल विचारों और आध्यात्मिक ज्ञान से समस्त मानव और खासकर युवाओं को नई राय दिखाई है. यही कारण है कि उन्हें युवाओं का प्रेरणास्त्रोत कहा जाता है और प्रत्येक वर्ष विवेकानंद जी की जयंती यानी 12 जनवरी के दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद को ऐसे महान पथ प्रदर्शक के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने भारत की सभ्यता, धर्म और संस्कृति को पूरे विश्व से रूबरू कराया। आज भी उनके महान विचार और मूल मंत्र युवाओं को देश और समाज की स्थिति सुधारने और बदलाव लाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, महामंत्री अमित रस्तोगी, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नवीन भट्ट, सोनू शर्मा,गौ सेवा आयोग के सदस्य सतीश उपाध्याय, भाजपा युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष दीपक कठेरिया, पंकज राणा अदि मौजूद रहे।

विवेकानन्द जयन्ती समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प स्थित स्वामी विवेकानन्द पार्क में स्वामी विवेकानन्द जी की 161 वीं जयन्ती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। मुख्य अतिधि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक -किच्छा तिलक राज बेहड़ व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री उत्तम दत्ता तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायघ्क राजकुमार ठुकराल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानन्द जी की मूर्ति पर पुष्पार्चन अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण कर श्वद्वाजली दी गई। कार्यक्रम के संयोजक परिमल रॉय ने कहा कि इस कार्यक्रम को विगत 25 वर्षों से लगातार कराते आ रहे है। इस बार के कार्यक्रम में नशा मुक्ति के लिए युवाओं को खेल सामग्री देकर प्रेरित किया गया एवं नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तिलक राज बेहड़ विशिष्ट अतिथि गौतम हॉस्पिटल के एमडी डॉ० सुनील सिंह गौतम जी ने कहा स्वामी विवेकानन्द जी के आदर्श युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। इसका अनुसरण कर युवा अपना, समाज का तथा देश का भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम में इस अवसर पर कार्यक्रम के सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एलाइट एकेडमी, गुरुदर्शन एकेडमी, ब्रिलिएट एकेडमी, आस्था जूहा स्कूल, माँ शारदा देवी विद्या मंदिर, न्यू वुडलैंड एकेडमी, ए एस मैमोरियल, ओम पब्लिक स्कूल, जन्मभूमि इंटर कॉलेज, इंडियन पब्लिक स्कूल, नेताजी पब्लिक स्कूल, बसंत राय विद्यापीठ आदि के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। अन्त में कार्यक्रम संयोजक परिमल राय ने सभी अतिथियों व स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, दिलीप अधिकारी, हिमांशु गावा, मनोज सरकार, घनश्याम श्यामपुरिया, जगदीश तनेजा,जीवन राय, अध्यक्ष गौतम सिकदार, संह संयोजक केरु मण्डल, उपाध्यक्ष शुभकर राय, अमल राय, महासचिव, शुभम दास, उपसचिव दीपू श्वाटाड़, कोषाध्यक्ष पिंटू राय एवं सदस्य गण निर्मल मण्डल, मोनू निषाद, बाबू सरदार, सिद्धार्थ सरकार, विधान मण्डल, केना मण्डल, खोखन बादाड़, नरेश सरकार, सुबल माना, मोती बाला, अनूप विश्वास, रामपद विश्वास, गोपी गुप्ता, अशोक यादव, कृष्णपद विश्वास, अनल सरकार, विप्लव हाल्दार, मंगल मण्डल, अरविंद विश्वास, शंकर विश्वास, विशन श्दास, देवव्रत मल्लिक, पप्पू मजूमदार, राजीव सरकार, गौतम मण्डल आदि उपस्थित रहे।

किंग्सफोर्ड अकैडमी ने किया फाइनल में प्रवेश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वधान में सीनियर पुरुष वर्ग की जिले में चल रही जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफाइनल मैच किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकादमी काशीपुर और रुद्र लायंस क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर के मध्य एमिनिटी स्पोर्ट्स ग्राउंड पर खेला गया। किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवरों में सभी विकेट होकर 217 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें नीतीश जोशी ने 60, जतिन विर्क ने 37 और प्रतीक नारंग ने 37 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। रुद्र लायंस की तरफ से विकास कुमार ने 3, रजत श्रीवास्तव, यश शुक्ला और कुणाल यादव ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रूद्र लायंस क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर की पूरी टीम 31 ओवर में 142 रनों पर ऑल आउट हो गई। रुद्र लायंस की तरफ से उदित शर्मा ने 21 यश जोशी ने 21 और रजत श्रीवास्तव ने 19 रनों का योगदान दिया। किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकादमी की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए प्रतीक नारंग ने 5 और संतोष ने 2 विकेट लिए। शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतीक नारंग को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। यह मैच किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकादमी काशीपुर ने 75 रनों से रूद्र लायंस क्रिकेट अकादमी को हराकर सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया।मैच के अंपायर सत्येंद्र मिश्रा और राजेंद्र कुमार ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशा कर द्वारा की गई। इस अवसर पर बलवंत सिंह, इंद्र नीलकर ,नूर आलम ,आफताब आलम ,गौरव तिवारी ,रणशेर सिंह दीपक कुमार और तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

इंपार्ट संस्था ने समाजिक सेवा के क्षेत्र में पूरे किए 29 वर्ष

किच्छा(उद संवाददाता)। सामाजिक संस्था इंपार्ट ने समाज सेवा में कार्य करते हुए अपने 29 वर्ष पूरी किए हैं। इन 29 वर्षों के दौरान में संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए आम नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जहां प्रेरित किया वहीं जल जीवन मिशन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण सहित तमाम सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यों के क्रियान्वयन में सरकार का भरपूर सहयोग दिया। संस्था का प्रारंभ स्वर्गीय एम के मिश्रा द्वारा आज से 29 वर्ष पूर्व किया गया था जो कि आज पूर्ण आकार ले चुका है। संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पे संस्था द्वारा 29 वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। संस्था प्रमुख इंदिरा मिश्रा ने सभी को शुभकामना सन्देश देते हुए अपने सामाजिक सेवा उद्देश्य को दोहराया और साथ ही कहा कि संस्था अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्व की भांति करती रहेगी। इस अवसर पर एडीओ ग्राम पंचायत धीरेन्द्र पंत, एडीओ कृषि विभाग शिव दत्त पाण्डेय, वी पी डी ओ गुरप्रीत कौर, श्रेया मिश्रा, प्रज्ञा मिश्रा, इंपार्ट के प्रशिक्षक मनोज कुमार सिंह, कृष्ण कुमार,चंद्र तेज सिंह, आकाश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। साथ ही जनपद उधम सिंह नगर के विकासखंड रुद्रपुर के ग्राम पंचायत तुर्का गौरी, गडरिया बाघ, जवाहर नगर, खमिया नंबर 1, खमिया नंबर 2, खमिया नंबर 4, खुरपिया, दोपहरिया के निर्वाचित ग्राम प्रधान , ग्राम पंचायत सदस्य, आशा आंगनबाड़ी को राष्ट्रीय ग्राम. स्वरोजगार योजना के अंतर्गत क्षमता वधन पर इंपार्ट संस्था के सभागार मे तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। प्रथम दिवस ग्राम पंचायत सदस्य आंगन वाड़ी वर्कर रेखीय विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया ।

कपड़ा व्यापारियों ने स्वामी विवेकानंद के नाम से किया गली का नामकरण

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। स्वामी विवेकानंद की जयंती क्षेत्र में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। शक्ति फार्म बाजार के कपड़ा मार्केट मे व्यापारियों द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। व्यापारियों ने स्वामी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हे माल्यार्पण किया। उनके द्वारा दिए गए संदेश व विचारों को याद किया। इस अवसर पर व्यापारियों ने स्वामी विवेकानंद गली के नाम से कपड़ा मार्केट का नामकरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी ओमप्रकाश कालड़ा, विजय बागला ,व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में व्यापार मण्डल कोषाध्यक्ष विक्की मण्डल, बलराम पोद्दार, सुमित मंडल, विपिन डालमिया, ओमप्रकाश कालड़ा, विजय बागला, अजीत शाह ,विधान मंडल, राजेश रस्तोगी,सुजीत मण्डल, विकास मण्डल,परेश मण्डल, अमित शाह,सुशांत मोहन राय,आशुतोष दास, लक्की कालरा,विप्रो राय,प्रदीप हीरा श्यामल राम गोपाल,आदर्श दास, शम्भू घोस,अभिषेक प्रमाणिक,हर्षवर्धन सिंह, मुकुल पोद्दार,नंदू बैरागी आदि मौजूद थे।

देवभूमि बैकुंठपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। 16 टीमों के मध्य होने वाली क्रिकेट टूर्नामेंट में उदघाटन मैच राजनगर और सुरेंद्र नगर के बीच खेला गया।निर्धारित 14- 14 ओवर के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजनगर रतनफार्म नंबर 3की टीम ने सुरेंद्रनगर को 106 का लक्ष्य दिया।दूसरी पारी में बैटिंग करने उतरी सुरेंद्रनगर की टीम अपने सभी विकेट खोकर महज 63 रन ही बना सकी ।गोविंद की घातक गेंदबाजी जिसमे 3 ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए जिन्हे मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।इससे पहले पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे और वरिष्ठ भाजपा नेता और समाज सेवी हिमांशु सरकार ने फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चन्द्र राय और आयोजक समिति के अध्यक्ष समीर सरकार ने स्मृति चिन्ह और शॉल ओढ़ाकर पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे का स्वागत किया। बंगाली कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सरकार, कोषाध्यक्ष नरेश साना,परेश मंडल,आनंद राय,राणा सरकार,अनिमेष सरकार, बिरेंची बाईंन, बंटी सरकार,हरे कृष्ण बैरागी, जगदीश, मनोज बर्मन आदि उपस्थित थे।अंपायर कालू एवम प्रशांत मजूमदार , स्कोरर जगदीश एवम उदघोषक राम चन्द्र राय ने किया।

पेज एक का शेष...

उत्तरायणी महोत्सव में...ने ओ दीपा भावरा, हाथ पैरेली घड़ी ला, आशा नेगी ने माया लौंडा मालुआ, नंद ना तेरी गाड़ी चली, विशन सिंह हरियाला ने पुष्पा लुकी रै, उत्तरैणी कौतिक, गोरख्या चेली, सीमा विश्वकर्मा ने सीमा मेरो नाम, झुका फुना, सूरज प्रकाश ने सरूली बसंता, घुर डाना बुरूशी फुली सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता हरीश पनेरू, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, सुरेश कोली, अनिल चौहान, तरूण दत्ता, दिलीप अधिकारी, शैल सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल, महामंत्री एडवोकेट दिवाकर पांडे, संरक्षक भारत लाल शाह, नवीन चंद पांडे, लीलांबर जोशी, मोहन सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष दया किशन दनाई, उपाध्यक्ष मोहन चंद उपाध्याय, राजेंद्र सिंह बोरा, महेश कांडपाल, जगदीश सिंह बिष्ट, दिनेश बम, कीर्ति निधि शर्मा, सतीश ध्यानी, धीरज पांडे, संजीव बुधोरी, हरीश मिश्रा, राजेंद्र बलोदी, अवतार सिंह बिष्ट, सुधा पटवाल, कमलेश बिष्ट, विनीत पांडे, सुनीता पांडे, नीलम कांडपाल, चंदा बम, गीता बिष्ट, किरन बोरा, आशा लोहनी, कुमकुम उपाध्याय, हेम पंत, सतीश लोहनी, डॉ ललित मोहन उप्रेती, हरीश मिश्रा, नरेंद्र रावत, शैलेंद्र रावत, हरीश दनाई, दिनेश चंद भट्ट, दान सिंह मेहरा, गगन कांडपाल आदि उपस्थित थे।

केडिट कार्ड की ...हुए उस लिंक पर क्लिक किया। क्लिक करने पर एक एप उसके फोन में इन्सटाल हो गया । जिस पर एक ओटीपी मांगा गया उसने ओटीपी शेयर कर दिया । जिसके बाद 16 अगस्त को उसके दो क्रेडिट कार्ड से 32,100 रूपये व एक क्रे डिट कार्ड से 34,03,37 रूपये कट गये। 18 अगस्त को उसके एक क्रेडिट कार्ड से 39,113.31 रूपये व दूसरेक्रेडिट कार्ड से 37,081रूपये कट गये हैं। अज्ञात व्यक्ति द्वारा खुद को क्रेडिट कार्ड अधिकारी बनकर कम्प्यूटर संसाधनो का प्रयोग कर धोखे से उसके उक्त चार क्रेडिट कार्ड से कुल धनराशि 111698.12 रुपये की ऑनलाईन ठगी की गयी है। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अनजान युवती के...एकाउन्ट नम्बर भेजा गया और उसमें पैसे ट्रांसफर करने को कहा गया।झांसे में आकर उसने गूगल पे खाते पर अलग अलग बार में 1 लाख 25 हजार रूपये ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद भी उक्त लोगों ने ब्लैकमेलिंग जारी रखी पुनः दूसरे नंबर से किसी व्यक्ति ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर कॉल की और पचास हजार रूपये देने की मांग की। जिसके बाद उसने दस हजार रूपये और भेज दिये। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शासन ने किये ..गई है। इसके अलावा चतर सिंह चौहान को डिप्टी कलेक्टर उत्तरकाशी के पद से हटाते हुए डिप्टी कलेक्टर पौड़ी बनाया गया है। युक्ता मिश्रा को डिप्टी कलेक्टर देहरादून से डिप्टी कलेक्टर पौड़ी के लिए भेजा गया है। अबरार अहमद को पौड़ी से डिप्टी कलेक्टर चमोली भेजा गया।

नशे में चूर भाजपा.. लगाई । साथ ही भविष्य में इसकी पुर्नावृति न करने की सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया। रोषित लोगों ने रोष जताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं से न सिर्फ भाजपा वरन प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नारी वंदन अभियान की छवि भी प्रभावित होती है। ऐसी नेत्रियों के खिलाफ पार्टी को भी स्पष्टीकरण लेने के बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी चाहिए।

कार खाई में ....घायलों को कार से बाहर निकाला। इसके बाद चारों घायलों को नजदीकी सड़क तक ले जाया गया और दूसरी कार में बैठाकर स्थानीय बी. डी. पाण्डे अस्पताल भेज दिया गया।

चरस के साथ...बताया कि वह उक्त चरस रजना सोनकर से लेकर आता है। चरस बेचने के ऐवज में उसे एक हजार रूपये दिए जाते हैं। पुलिस ने तस्कर को कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

गुलाबी शरारा..और क्रीम पौडरा.. की प्रस्तुति पर झूमे लोग

सरस मेले में कुमांऊनी कलाकारों ने मचाई धूम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।सरस मेले के दूसरे दिन गांधी पार्क में जहां लोगों ने जमकर खरीददारी की वहीं कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेले में उत्तराखंड के जाने माने गायक इंदर आर्य के 'गुलाबी शरारा' और राकेश खानवाल के 'क्रीम पौड़रा' एवं स्वाति मेहरा के गानों पर लोग झूम उठे। पहाड़ी संस्कृति के गाने एवम विभिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कलाकारों ने दर्शकों को आनंदित किया। कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडी परिषद के चेयरमैन अनिल डब्बू ने द्वीप प्रज्वलन किया।इस दौरान प्रगतिशील किसानों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पुरुस्कृत भी किया गया।इस दौरान प्रदेश महामंत्री भाजपा विकास शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, नगर आयुक्त रुद्रपुर नरेश दुर्गापाल, उपजिलाधिकारी सदर मनीष बिष्ट, तुषार सैनी समेत अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मेले में शुक्रवार को प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया गया। बता दें आत्मा योजना अंतर्गत प्रत्येक वर्ष प्रगतिशील कृषकों को जनपद स्तर पर किसान भूषण पुरस्कार 25000 धनराशि, विकासखंड स्तर पर किसान श्री पुरस्कार 10000 धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके अकाउंट मे दिया जाता है ।इस वर्ष भी जनपद उधम सिंह नगर के कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं मत्स्य विभागों से चयनित कृषकों को सरस मेला में सम्मानित किया गया। कृषक पुरस्कार फसली वर्ष 2022-23 के आधार पर वर्ष 2023- 24 हेतु जनपद स्तर पर किसान भूषण पुरस्कार कृषि विभाग-चरणजीत सिंह ग्राम -कर घटिया, विकासखंड-सितारगंज, पशुपालन विभाग - मनदीप कौर ,ग्राम- खालीपार पट्टी, विकासखंड -जसपुर, उद्यान बागवानी - यतिन कुमार सिंघल ग्राम- बिरहा फार्म, विकासखंड - बाजपुर,मत्स्य विभाग - विनीत सोलंकी ,ग्राम - बागवाला, विकासखंड - रुद्रपुर आदि शामिल हैं। जबकि विकासखंड स्तर पर किसान श्री पुरस्कार हेतु पुरस्कृत किसानों में कृषि विभाग से सुखचैन सिंह ,ग्राम -मजरा मर्दान, विकासखंड -गदरपुर,पशुपालन विभाग से सलविंदर सिंह,ग्राम- मोतियापुरा ,विकासखंड - गदरपुर, उद्यान विभाग से रामकिशोर ग्राम -सुतुईया ,विकासखंड - रुद्रपुर ,अमरीक सिंह ,ग्राम-जगदीशपुर, विकासखंड -गदरपुर,मत्स्य विभाग से हरकचंद सिंह ,ग्राम -राघवनगर, विकासखंड -रुद्रपुर ,उत्तम कुमार मंडल ,ग्राम - मकरंदपुर, विकासखंड- गदरपुर आदि शामिल हैं।

एडवेन बायोटेक प्रा.लि ने आयोजित की डॉक्टर्स संगोष्ठी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। होम्योपैथिक कंपनी एडवेन बायोटेक प्रा. लि. की ओर से वरिष्ठ होम्योपैथिक डॉक्टर्स संगोष्ठी का आयोजन एक रेस्टोरेंट में किया गया। जिसमें शहर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक और डीलर्स सम्मिलित हुए। गोष्ठी में एडवेन ने वर्चुअल टूर के माध्यम से अपनी अल्ट्रा मॉडर्न, एडवांस टेक्नोलॉजी व बिना मानवीय स्पर्श प्लांट में दवाइयों को तैयार किये जाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि एडवेन भारत की पहली होम्योपैथिक कंपनी है जिसके पास राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला है । कंपनी की प्राथमिकता, शुद्धता, प्रभाविकारिता, गुणवत्ता और सुरक्षा से भरपूर दवाइयों का निर्माण करना और जनता तक पहुंचाना है। इस दौरान कंपनी के अधिकारियों ने चिकित्सकों द्वारा पूछे गये विभिन्न सवालों के जवाब दिये और उनकी शंकाओं का समाधान किया। एडवेन के अन्य सहयोगी भी इस संगोष्ठी में शामिल हुए और सभी चिकित्सकों और डीलर्स ने कंपनी की विशेष प्रशंसा की।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने मनाई विवेकानंद जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की रुद्रपुर नगर शाखा द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी का जन्म दिवस समर्पण दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का आयोजन विजय लक्ष्मी एनक्लेव में किशन शर्मा के निवास स्थान पर किशन कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम अध्यक्ष ने विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण किया । इसके बाद सभी उपस्थित जनों ने पुष्पार्जलि अर्पित कर समर्पण राशि संगठन के खर्चे आदि के लिये भेंट की। अध्यक्ष ने स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन राकेश मुंजाल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जो आरएसएस का अनुसांगिक संगठन है, अपनी स्थापना के पचास वर्ष पूर्ण होने पर अपनी स्वर्ण जयन्ती मना रहा है। सितम्बर 2024 तक जन जागरण के कार्यक्रम स्थान- स्थान पर किये जायेगे। उन्होंने कहा कि ग्राहक पंचायत की स्वर्ण जयन्ती समारोह समिति के प्रदेश अध्यक्ष विनोद नौटियाल एडवोकेट हाईकोर्ट, पूर्व अध्यक्ष बदरीनाथ केदारनाथ मन्दिर समिति व पूर्व राज्य सूचना आयुक्त है,जो शीघ्र ही अपने क्षेत्र में प्रवास करेंगे। आगन्तुकों का धन्यवाद डॉ हेमंत सिंह चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राकेश मुंजाल,सुशील राणा, किशन कुमार शर्मा ,हेमलता तिवारी, कविता तागड़ा, छत्रेश वर्मा, शालिनी सिंह,अनुज शर्मा आदि उपस्थित थे।

तेंदुए से प्रभावित गांव में पहुंचे विधायक अरोरा

पिंजरा लगाने के लिए अधिकारियों से की वार्ता,क्षेत्र में दहशत का महौल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्रामसभा सुंदरपुर में तेंदुआ दिखाई देने से पूरे गाँव मे दहशत का माहौल है । जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने मौके पर पहुँच कर वन विभाग की टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने उन ग्रामीण परिवारो से मुलाकात की जिनके घर के आस पास तेंदुआ नजर आया। साथ ही उनसे पूरी स्थिति की जानकारी ली। विधायक अरोरा ने बताया कि तेंदुए को लेकर गांव के लोगों में डर है उनका घर से निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने मामले को लेकर वन पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल से दूरभाष पर वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी और तेंदुए को पकड़ने हेतु पिंजरे की परमिशन में हो रही देरी को लेकर वन सचिव पराग मधुकर और डीएम उदय राज सहित डीएफओ हिमांशु से वार्ता की। स्थानीय लोगों को विधायक ने बताया कि उनकी शासन स्तर पर सभी से वार्ता हो चुकी है। तेंदुए को पकड़ने हेतु पिंजरा लगाने की परमिशन जल्द मिलते ही वन विभाग की टीम अपने ऑपरेशन को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने हा कि वन विभाग लगातार उस क्षेत्र में गश्त कर रहा है। विधायक शिव अरोरा ने स्थानीय लोगो से अपील की वह सावधानी बरतें ओर जहां तेंदुआ नजर आये उसको नुकसान न पहुंचाये और स्वयं भी सुरक्षित रहें क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस अनुसार तेंदुए की सुरक्षा भी वन विभाग का दायित्व है और लोगों के जीवन को सुरक्षित रखना भी हमारा कर्तव्य है। विधायक ने सभी को आश्वस्त किया कि पिंजरे की परमिशन जल्द हो जायेगी जिससे उसका पकड़ने हेतु कार्य मे तेजी लायी जा सकेगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा सभी सुरक्षित अपने घर रहे ओर शाम को समय रहते अपने घर पहुँच जाये। इस दौरान एसएचओ शशि, रेंजर रुद्रपुर कैड़ा, रेंजर टाडा रूपनारायण, डिप्टी रेंजर प्रमोद त्रिपाठी,दरोगा सुरेंद्र सिंह, भाजपा जिला महामंत्री अमित नारग, जगदीश विश्वास, सुब्रत बछाड़, मयंक कक्कड़, जितेंद्र संधू, सुनील यादव, सुभाष विश्वास , वासु, व अन्य लोग मौजूद रहे।